# 22 से 24 मई तक चला गिद्धों की गणना का कार्य, तीन प्रजातियों के 6 गिद्ध मिले

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 6 जून. जिले में ऑनलाइन एप के जरिए 3 दिन तक चली गिद्धों की गिनती पूरी हो गई है। ग्रीमष्कालीन सर्वे के दौरान तीन दिन में कुल 6 गिद्ध मिले हैं, जबकि पिछली गणना में एक भी गिद्द नहीं मिले थे।**

**गिद्दों की संख्या कम होने का कारण पहाड़ी क्षेत्र कम होना**

बताया जा रहा है कि गिद्दों की गिनती के लिए वन विभाग द्वारा शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन सर्वे किया जाता है। शीतकालीन सर्वे फरवरी माह में किया गया था, वहीं ग्रीष्मकालीन सर्वे 22 मई से 24 मई तक चला। इस दौरान उत्तर और दक्षिण वन मंडल अंतर्गत तीन प्रजातियों के 6 गिद्द मिले है। हालांकि 10 साल पहले यहां महज दो गिद्ध मिले थे। जिसके बाद यह डेटा निरंक पाया गया है। अभी बैतूल वन वृत्त के सभी बीटों के वन रक्षकों ने गिद्धों की गणना की है। जिसमें 123 पश्चिम, 140 उत्तर और 180 दक्षिण बीट में एक साथ सर्वे किया गया। गिद्द गणना के नोडल अधिकारी जितेन्द्र अवासे ने बताया कि गिद्धों की गणना कर एप में उसकी जानकारी दर्ज की है। जानकारों के अनुसार धरती के सफाई दूत कहे जाने वाले गिद्दों की संख्या जिले में बुरी तरह घटती जा रही थी। जिसके पीछे प्रमुख कारण बैतूल जिले का वातावरण और यहां गिद्धों के लिए अनुकूल परिवेश न होना माना जा रहा है। दूसरी तरफ पर्यावरण विज्ञानी इसे कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग को भी कारण मान रहे हैं। गिद्द गणना के नोडल अधिकारी जितेन्द्र अवासे ने बताया कि जिले में हर साल दो बार गिद्धों की गणना की जाती है। ग्राष्मकालीन गणना 22 से 24 मई तक हुई, जिसमें 6 गिद्द मिले है।



**पहाड़ी क्षेत्र कम होना भी बड़ा कारण :** बताया जाता है कि 2016 में हुए सर्वे के दौरान बैतूल जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत दो इजिपसियन वल्चर पाए गए थे। दक्षिण वन मंडल के डीएफओ के मुताबिक इस इलाके में पहाड़ी क्षेत्र कम होने, घोंसले बनाने के लिए स्थानों की कमी होने, ब्रीडिंग की संभावनाओं के कम होने के कारण गिद्धों का न पाया जाना सामने आया है। उल्लेखनीय है कि वन विभाग ने गिद्ध की गणना की थी। वनकर्मियों ने अपने-अपने वन परिक्षेत्र के जंगलों में गिद्ध की तलाश की। जिसमें 6 गिद्द मिले। यहां गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में सबसे ज़्यादा गिद्ध पाए जाते हैं। इस साल 2026 में प्रदेश स्तर पर की गई गिद्ध गणना में यहां लगभग 15 हजार से अधिक विभिन्न प्रजाति के गिद्ध पाए गए है।

**तीनों वन मंडल की हर बीट में हुआ सर्वे :** गिद्धों की गणना साल में दो बार की जाती है। पहली गणना फरवरी यानि शीत ऋतु में होती है, वहीं दूसरी गणना ग्रीष्मकालीन की जाती है। इस दौरान स्थानीय और प्रवासी गिद्धों की गणना आसानी से हो जाती है। इस बार वन कर्मियों ने जिले की बैतूल वन वृत्त के अंतर्गत 443 बीटो में तीन दिन तक यह सर्वे किया। जिसमें सभी बीटो के वनरक्षक शामिल रहे।

> 22 से 24 मई तक तीन दिन गिद्धों की गणना के लिए जिले में सर्वे हुआ था। इस दौरान तीन प्रजाति के 6 गिद्द मिले है। वैसे बैतूल जिले में पहाड़ी क्षेत्र कम और जंगल एरिया ज्यादा होने से भी गिद्ध नहीं आते है।
>
> **- अरिहंत कोचर, डीएफओ, दक्षिण वन मंडल**

### जिले में मिलीं गिद्धों की तीन प्रजातियां

जिले में गिद्दों की गणना के लिए हुए ग्रीष्मकालीन सर्वे के दौरान तीन प्रजातियों के 6 गिद्दो को निवास जिले में है। इसमें एक लॉन्ग बिल्ड इसे भारतीय गिद्द भी जाता है, जो पर्यावरण को साफ रखने वाले महत्वपूर्ण प्राकृतिक सफाईकर्मी है और खुले मैदानी इलाकों, खेतों और चट्टानी क्षेत्रों में रहना पसंद करते हैं। वहीं दूसरी प्रजाति इजिपियन गिद्द जिसे सफेद गिद्द भी कहा जाता है, इनकी भी जिले में मौजूदगी पाई गई है। वहीं तीसरी प्रजाति सिनेरियस गिद्द (एजीपियस मोनाचस), जिसे यूरेशियन ब्लैक गिद्ध भी कहा जाता है, यह आकाश का एक विशालकाय पक्षी है। अपने प्रभावशाली आकार के लिए प्रसिद्ध, यह प्राचीन विश्व का सबसे बड़ा गिद्ध और विश्व स्तर पर सबसे बड़े और भारी शिकारी पक्षियों में से एक है, जिसके पंखों का फैलाव आश्चर्यजनक रूप से 3 मीटर तक होता है।

### उत्तर और पश्चिम वन मंडल में मिले 3-3 गिद्ध

जिले के उत्तर और पश्चिम वन मंडल में तीन-तीन गिद्द मिले है, वहीं दक्षिण वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत गिद्दो की संख्या निरंक पाई गई है। बताया जा रहा है कि उत्तर वन मंडल में 3 और पश्चित वन मंडल में 3 गिद्दे मिले है। कुल तीन प्रजातियों के 6 गिद्द जिले में पाये गये है। गिद्द गणना के नोडल अधिकारी जितेन्द्र आवसे ने बताया कि पहले गिद्दों की गणना कागजों पर होती है, लेकिन इस बार एप के माध्यम से गिद्दो की गणना की गई। श्री आवसे ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में एक साथ गिद्दो की गणना की गई। इसमें सुखद यह रहा कि पूरे मध्यप्रदेश में 15 हजार से अधिक विभिन्न प्रजातियों के गिद्द मिले है। बैतूल में भी 6 गिद्द पाया जाना सुखद है, क्योंकि यह एक तरह से पर्यावरण के सफाई दूत के रूप में कार्य करते है।

## एक नजर में

### सोसायटी के गोडाउन के पास लगी भीषण आग

**मुलताई।** नगर में मासोद रोड पर शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के गोडाउन के पास भीषण आग लग गई, नगरपालिका की दमकल टीम को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई। नगर पालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया कि मासोद रोड ज्ञानेश्वर मंदिर के पास राजीव गांधी वार्ड में प्राथमिक कृषि साख सहकारी गोडाउन के सामने खलियान में सुखी घास, लकड़ी में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओ के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जो गोडाउन को अपनी चपेट में ले सकती थी, इसके पहले नगरपालिका की फायर टीम में शामिल फायर वाहन के ड्राइवर धनराज पवार, फायरमैन सुमित पूरी, गिरीश पिपले ने आग पर काबू पाया।

### पिकअप की ट्राली पलटी बाइक सवार घायल

**मुलताई।** नेशनल हाईवे छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम दुनावा के पेट्रोल पंप के पास पिकप की ट्राली में कृषि उपकरण लेकर जा रहे वाहन का टायर फटने से पलट गया, दुर्घटना में कृषि उपकरण की चपेट में आने से साइड से चल रहा एक बाइक चालक घायल हो गया, जिसे एनएचएआई की एम्बुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। बताया जाता है शुक्रवार की सुबह ग्राम दुनावा के पास कृषि उपकरण लेकर जा रहा एक मालवाहक वाहन अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। इस दौरान सड़क से जा रहा बाइक सवार युवक सुनील उपकरण की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एनएचएआई की एम्बुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं क्रेन की मदद से हाईवे से वाहन एवं कृषि उपकरण हटाकर हाईवे चालू करवाया गया।

### श्याम परते बने घोड़ाडोंगरी ब्लॉक अध्यक्ष

**पाथाखेड़ा।** शोभापुर कॉलोनी से सुनील भलावी जिला उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी व बगडोना से श्यामू परते को घोड़ाडोंगरी ब्लॉक अध्यक्ष की बागडोर सौंपी गई। मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद भोपाल द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैतूल जिले में नई नियुक्ति की गई है। परिषद के जिला अध्यक्ष मुनालाल बावड़िया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार समाज सेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ता को परिषद में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कार्यकर्ता की समाज के प्रति निष्ठा, सक्रियता एवं संघर्षशील कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी प्रदान की गई है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। परिषद ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी आदिवासी समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए समाज हित में नई पहल करेंगे।

# सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प

**सारनी।** नगर पालिका सभाकक्ष में विशेष सम्मेलन के तहत विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को लेकर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए नियम को लेकर परिषद के जनप्रतिनिधियों को पी.पी.टी. प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्हें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों की नियम में भागीदारी बिंदुवार जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षदगण छाया अतुलकर, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, प्रवीण सोनी, शिवकली नरें, हरिता पाल, इशरत बी, रूपलाल बेलवंशी, बेबी ठाकुर, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, मो. ताहिर अंसारी, मो. जफर अंसारी, महेंद्र भारती, अनीता बेलवंशी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, रेखा मायवाड़, मनोज कुमार डेहरिया, आनंद पिंटिश नागले, रेखा भलावी, दशरथ सिंह जाट, एल्डरमैन विनय मदने, रमेश पवार, संजीत चौधरी, रमेश हारोड़े, सरोज विश्वकर्मा, सुनीता यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, नितिन मीणा, सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रजेंटेशन के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 से परिवर्तित हुए 2026 नियम की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कचरे को अब गीला-सूखा दो समूह में विभक्त ना कर चार समूह गीला, सूखा, सेनेटरी, एवं इलेक्ट्रॉनिक समूह में विभक्त कर अलग-अलग लेने। एमआरएफ सेंटर में छंटाई, रिसाइकिलिंग, रियूज एवं रिड्यूज जैसी जानकारी प्रदान की गई। उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूस पालीथीन का प्रयोग नहीं करने का संकल्प भी दिलाया गया।



# 109 बिजली संबंधित शिकायतों का निराकरण

**मुलताई।** बिजली कंपनी संभाग मुलताई द्वारा मासोद क्षेत्र के गाम कुमुद्रा तथा साईखेड़ा के मोहरखेड़ा में विद्युत शिविर का शनिवार को आयोजन किया गया जिसमे 121 शिकायतें प्राप्त हुई थीं।उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ ने बताया कि शिविर में कुल 121 शिकायते प्राप्त हुई थी, जिसमे से 109 शिकायतो का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष शिकायते निर्धारित अवधि के अन्दर पूर्ण कर दी जायेंगी। श्री वशिष्ठ ने बताया कि मीटर बदलने की कुल 4 शिकायते प्राप्त हुई थी, उनमे से 4 के मीटर बदल दिये गये। बिल नहीं मिलने की कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई उन्हे मौके पर तत्काल डुप्लीकेट बिल उपलब्ध कराया गया। गाम मोहरखेड़ा शिविर में नवीन कनेक्शन देने के लिये 1 शिकायत प्राप्त हुई जिसे मौके पर ही प्रदान कर दिया गया। नाम परिवर्तन हेतु 7 शिकायते प्राप्त हुई जिनको मौके पर ही निराकृत कर दिया गया। इस मौके पर 17 लोगो द्वारा बिल भी जमा किया गया। माह जुन 2026 में आगामी 8, 9, 11, 13, एवं 15 जून को पुनः विभिन्न वितरण केन्द्रो के ग्रामो में शिविर का आयोजन किया जाएगा।



# कत्लखाने की ओर जा रहे 10 गौवंश पुलिस ने पकड़े

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम मोरंड में शनिवार को मासोद चौकी पुलिस द्वारा 10 गौवंश बरामद कर गौशाला भिजवाया गया। बताया जाता है मोरंड निवासी तुलाराम बचले 10 नग बैलों को आपस में एक दूसरे से बांधकर मारते-पीटते क्रूरता पूर्वक गेहूंबारसा से मोरंड की ओर ले जा रहा था जिसकी सूचना मुखबिर द्वारा मासोद चौकी एवं बजरंग दल को दी गई, सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक बलराम करियां, आरक्षक शिवराम परते, एवं बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष किशोर जायसवाल, रोशन साहू, वैभव सावरकर मौके पर पहुंचे जहां पर तुलाराम बेरहमी से 10 नग बैलों को ले जा रहा था जिसकी जानकारी तुलाराम से पूछी गई तो बैलों संबंधित वह दस्तावेज एवं संतोषप्रद जानकारी नहीं दे पाया। जो की बैलो को कत्ल खाने ले जा रहा था, जिसके पास से 10 नग बैल जप्त कर 35 किलोमीटर दूर लाकर बघोड़ा गौशाला सुरक्षित पहुंचाया गया। चौकी प्रभारी अमित पवार ने बताया 10 नग गौवंश जप्त किए गए हैं इसके कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मवेशियों को गौशाला पहुंचाकर आरोपी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया है।

# मुलताई पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने किए ताप्ती के दर्शन

**मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में शनिवार रात्रि 8 बजे अल्प प्रवास पर मुलताई पहुंचे, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने मां ताप्ती महाआरती घाट पर पूजा अर्चना कर मां ताप्ती का आशीर्वाद लिया।**

इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अपने निज सहायक के ग्राम चंदोरा खुर्द पहुंचे तथा परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, नपा अध्यक्ष नीतू प्रहलाद परमार, जनपद पंचायत अध्यक्ष नान्ही बाई डहारे, पार्षद महेंद्र जैन, रितेश विश्वकर्मा ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलताई नगर के विकास को लेकर चर्चा करते हुए आगामी होने वाले मां ताप्ती जन्मोत्सव पधारने का निमंत्रण दिया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि से मुलाकात कर अरिहंत लॉन में एक विवाह समारोह में पहुंचे, जहां जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर, भाजपा नेता राजू जैन, माधुरी साबले ने स्वागत किया गया।



# विद्युत पेंशनरर्स हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

**बैतूल।** विद्युत पेंशनरर्स हित रक्षक संघ की मासिक बैठक शनिवार को उपमहाप्रबंधक पुराने दक्षिण संभाग कार्यालय, लिंक रोड में संपन्न हुई। बैठक में लगभग 80 पेंशनर्स उपस्थित रहे। सभा का संचालन सचिव वी.एन. बारस्कर ने किया। बैठक में एसी वर्मा ने मेडसेव कंपनी की कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना संबंधी जानकारी दी, जबकि संघ के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन द्वारा की जा रही कार्यवाही से सदस्यों को अवगत कराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ए.आर. देशमुख, श्यामराव बारस्कर, कोषाध्यक्ष यू.डी. लिखितकर, सी. माथनकर द्वारा तेजराम सोनी सहित नवागत पेंशनर सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। अंत में मीडिया प्रभारी जीआर धोटे ने बैठक में उपस्थित पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया।



# आयुर्वेद से 164 रोगियों को मिली राहत

**बैतूल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैतूल बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आयुष विभाग द्वारा 164 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया तथा उन्हें आवश्यक औषधियों का वितरण भी किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी टीम ने सक्रिय रूप से सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित रहे। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार मोहने तथा सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शारदा चौधरी की देखरेख में चिकित्सकीय सेवाएं दी गईं। शिविर में डॉक्टर अतुल राय, डॉक्टर विशाल वर्मा, डॉक्टर रवीना लहरपुरे सहित कुल 14 कर्मचारियों की टीम ने कार्य किया। यहां उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता, उदर रोग, वात रोग, दंत रोग सहित विभिन्न रोगों का उपचार किया गया तथा औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही मरीजों को सरल योग क्रियाएं, योगाभ्यास एवं रोगानुसार योग का प्रशिक्षण भी दिया गया।



# भाजपा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया आगाज

**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारनी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी राजेश आहुजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है इस अवसर पर पार्टी द्वारा आगामी दिनों के लिए तय किए गए विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा देने आप सभी के बीच आया हूं। बैठक में भाजपा जिला बैतूल के प्रभारी सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम छुए हैं। उनके सफलतम 12 वर्ष का कार्यकाल देश के इतिहास में बेमिसाल और स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। पार्टी द्वारा दिए गए आगामी कार्यक्रमों को हमें जन-जन तक पहुंचाना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और माता के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। हर कार्यकर्ता को इस महाअभियान से जुड़कर पर्यावरण को बचाना होगा। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है। हमारे नगर और क्षेत्र में भी केंद्र सरकार की योजनाओं से अभूतपूर्व विकास हुआ है। संगठन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हम पूरे नगरीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करवाएंगे और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी तय करेंगे। जिला महामंत्री कमलेश सिंह मासिक बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि मोदी जी के 12 वर्षों के बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों को लेकर पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाएंगे।




# कलेक्ट्रेट में स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान

**बैतूल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के क्रम में शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोप किया गया। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में सघन साफ-सफाई अभियान चलाया तथा 50 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता को प्रोत्साहित करना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्ट्रेट परिसर में श्रम, कोषालय, खाद्य, सामाजिक न्याय, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर पालिका की टीम उपस्थित रही। सभी ने स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।



# समय पर उपचार से क्लबफुट पीड़ित बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं

**बैतूल।** सैंकड़ों अनुष्का फाउंडेशन एलीमिनेटिंग फॉर क्लब के सहयोग से जिला अस्पताल में क्लब फुट डे मनाया गया। जिसमें क्लबफुट से प्रभावित परिवारों के साथ संवाद आयोजित किया गया जिससे बच्चों में इस स्थिति की समय पर पहचान और शीघ्र उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। विश्व क्लबफुट दिवस लोगों को जागरूक करने और परिवारों को समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। स्वास्थ्य विभाग, फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहयोगी संस्थाओं के निरंतर प्रयासों से बैतूल जिले में क्लबफुट से प्रभावित बच्चों को वह सहयोग मिल रहा है जिसकी मदद से वे चल, दौड़ और सामान्य जीवन जी सकें। जिला अस्पताल में पदस्थ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.प्रकाश चंदेलकर ने बताया कि क्लबफुट एक जन्मजात स्थिति है, जिसमें बच्चे के पैर जन्म के समय अंदर की ओर मुड़े होते हैं। समय पर उपचार मिलने पर क्लब फुट वाले बच्चे सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकते हैं। डॉ.सीएम एंड एचओ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक पहल है, के अंतर्गत क्लबफुट से प्रभावित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए भेजा जाता है। डॉ.रूपेश पद्माकर ने बताया कि बैतूल में क्लबफुट उपचार सेवाएं जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं, जहां प्रभावित बच्चों के लिए साप्ताहिक क्लिनिक संचालित किए जाते हैं।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई भागवत कथा

मुलताई। मां ताप्ती की उदगम स्थली पवित्र नगरी मुलताई में 6 जून से 12 जून तक प्रसिद्ध भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर के मुखार बिंद से श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाएगी। शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।कलश यात्रा ताप्ती तट सुबह पौने 11 बजे निकाली गई। जिसमे कथा आयोजक महेश अग्रवाल सपत्निक अपने सिर पर श्रीमद भागवत गीता लेकर शामिल हुई, वहीं यात्रा में बडी संख्या में महिलाए सिर पर ताप्ती जल कलश लेकर शामिल हुई। इस दौरान श्रद्धालू डीजे एवं बेंड बाजो की धुन पर भक्ति गीतों के साथ नाचते गाते जयस्तम्भ चौक से फव्वारा चौक होते रेल्वे स्टेशन रोड से कथा स्थल राम मंदिर मेला मैदान पहुंचे, मार्ग में कलश यात्रा पर जगह-जगह जमकर पुष्पवर्षा की गई वहीं चौक चौराहो पर श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा में शस्मिल लोगो को ठंडा पेय एवं शरबत पिलाकर स्वागत किया। जिसके बाद दोपहर साढे 3 बजे से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर द्वारा श्रीमद भागवत कथा का महात्तम बताया। यह कथा आगामी सात दिनों साढे 3 बजे से शाम 6.30 बजे तक आयोजित होंगी। रविवार को सुखदेव जन्मकथा का सुनाई जाएगी। आयोजक महेश अग्रवाल परिवार द्वारा प्रतिदिन दोनों समय कथा स्थल पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। शनिवार को कलश यात्रा के बाद करीब 4 हजार लोगो द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

